JALAUN POLICE

दिनांक – 05.02.2025

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन के कुशल नेतृत्व में एसओजी/सर्विलांस एवं थाना कुठौन्द पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा 07 शातिर अभियुक्तो को जाली करेन्सी एवं प्रिन्टर आदि के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी।

कृपया अवगत कराना है कि थाना कुठौन्द एवं एसओजी/सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा थाना क्षेत्र में रोकथाम अपराध, चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति, लुटेरे, वाहन चोर / वांछित अपराधी एवं पतारसी सुरागरसी के दौरान मुखबिर की सटीक सूचना पर थाना कुठौन्द क्षेत्रान्तर्गत ग्राम इटहा कालपी के पास से अभियुक्त राहुल निषाद को जाली करेन्सी के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त राहुल से पूछताछ एवं निशादेही के आधार पर अन्य 06 अभियुक्तगण को भिन्न-भिन्न स्थानों से गिरफ्तार किया गया। सभी के कब्जे से कुल 55,350/- रुपये की जाली करेन्सी एवं 07 अदद मोबाइल, जाली करेन्सी प्रिन्ट करने की मशीन, कागज आदि बरामद हुआ। बरामदगी एवं गिरफ्तारी के संबन्ध में थाना कुठौन्द पर मु0अ0सं0 21/2025 धारा 179/180/181 बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछतांछ का विवरण-

पूछताछ में मुख्य अभियुक्त सचिन द्वारा बताया गया है कि असली नोट को इसी प्रिन्टर से स्कैन करके इसी कागज पर प्रिन्ट कर तैयार करके अपने साथी कृष्णा चौधरी को सप्लाई करने के लिये कम रेट में देता हूँ तथा हम लोगों का एक गिरोह है लाभ प्राप्त करने हेतु बाजार में जाली नोट का असली नोट के रूप में प्रयोग करते हैं तथा पूर्व में भी जनता के बीच/बाजार में जाकर इस प्रकार के जाली नोटो/करेन्सी का विक्रय कर चुके है तथा असली नोट से जाली नोट बनाकर सप्लाई करके धन अर्जित कर अपने ऐशो आराम में खर्च करते है तथा अभियुक्तगण द्वारा

यह भी बताया गया है कि हम लोग जाली नोटों का प्रयोग जनपद जालौन, औरैया मथुरा इटावा व आस-पास के जनपदों की व्यस्त बाजारों में करते हैं।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम –

1- राहुल निषाद पुत्र देवेन्द्र कुमार नि0ग्राम इटहा कालपी थाना कुठौन्द जनपद जालौन उम्र करीब 19 वर्ष

2- मोहित निषाद पुत्र राजकुमार निवासी पथर्रा थाना भरेह जनपद इटावा हाल पता मु0 गोविन्द नगर औरैया उम्र करीब 20 वर्ष

3- हरवीर पुत्र राजपाल निवासी ग्राम मुसमना थाना नौहझील जनपद मथुरा उम्र करीब 28 वर्ष

4- पुरूषोत्तम सिंह पुत्र जगदीश सिंह नि0ग्राम उसपारगांव थाना हाइवे जनपद मथुरा उम्र करीब 22 वर्ष

5- योगेश कुमार पुत्र सुरेश चन्द्र नि0ग्राम धनीपुरा थाना मगोर्रा जनपद मथुरा उम्र करीब 21 वर्ष

6- कृष्णा चौधरी पुत्र जगन सिंह निवासी ग्राम नीमगांव थाना राया जनपद मथुरा उम्र करीब 22 वर्ष

7- सचिन कुमार पुत्र नेत्रपाल सिंह नि0ग्राम पारसौली थाना नौहझील जनपद मथुरा उम्र करीब 22 वर्ष

बरामदगी विवरण-

1- 55350 /- रूपये की जाली करेन्सी

2- एक अदद प्रिन्टर, कागज, डायरी

3- 07 अदद मोबाईल

पुलिस टीम-

1. थानाध्यक्ष कुठौन्द मय टीम जनपद जालौन।
2. प्रभारी एसओजी/सर्विलांस सेल मय टीम जनपद जालौन।